नम्बर खहुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 350/2018 तहसीलदार बाडमेर बनाम मगसिंह**	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए

12.3.2019

पत्रावली पेश हुई। पैरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थीगण के नॉटिस तामिल की श्रेणी में प्राप्त हो चुके है। पैरोकार सरकार द्वारा आवेदन में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए निवेदन किया कि आवेदन में अंकित खसरान में ग्राम आईनाथ का तला में स्थाई रास्ता जो केरलीनाडी हाजाणियों की ढाणी सेड़क से थेरी नाडी तक जा रहा है। यह रास्ता धोक मार्ग तथा बारहमासी है, जो संलग्न नक्शे में बरंग लाल रंग से दर्शाया गया है। लिहाजा राजस्व रेकर्ड में सम्बन्धित पक्षकारान के खाते में गै.मु. रास्ता के रूप में अंकन करावें।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात का भी अवलोकन किया। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि आवेदन में अंकित खसरान में धोक मार्ग चल रहा है, परन्तु राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है, जिसे राजस्व अभिलेख में सम्बन्धित के खाते में दर्ज किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार बाडमेर मौजा आईनाथ का तला की निम्नानुसार भूमि स्थाई रास्ते के रूप में जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से दर्शाई गई है को सम्बन्धित खातेदार के खाते में राजस्व अभिलेख में गैर मुमकिन रास्ते के रूप में दर्ज कर नक्शा में तरमीम करावे:–

क. सं.	नाम खातेदार	ख.नं.	कुल रकबा (बीघा मे)	रास्तें की लम्बाई–चौड़ाई (फीट मे)	रास्ते मे प्रभावित रकबा (बीघा मे)
1	2	3	4	5	6
1	राजस्थान सरकार	2468/1665	01.00	670X26	01.00
2	मगसिंह लुणसिंह पिसरान दानसिंह मु. सेजकंवर पत्नी जुगतसिंह छैलसिंह रायसिंह मोड़सिंह नाथूसिंह पिसरान जुगतसिंह जाति राजपूत सा. देह खातेदार रहन लुणसिंह का हि. आईडीबीआई बैंक शाखा बाडमेर व मगसिंह का हि. आरएमजीबी शाखा महाबार	1590	129.07	1541X26	02.06
3	राजस्थान सरकार	2467/1591	0.07	235 X 26	0.07
	योग:–	03	134.14	&	03.13

नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। आदेश सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

Scanned by CamScanner